परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय-2 मुंबई : मुद्रित पृष्ठसंख्या -4

दिनांक - PT-2 (2023-24) समय - 1.30 घंटा

कक्षा- 7 विषय- हिंदी पूर्णांक- 40

प्रश्न 1- अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×4)=4

झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई को घुड़सवारी के साथ-साथ घोड़ों की भी अच्छी परख थी। एक बार घोड़ों का एक व्यापारी रानी के दरबार में आया। उसके पास एक जैसे दिखने वाले दो घोड़े थे। उसे विश्वास था कि रानी दोनों घोड़ों का एक दाम लगाएँगी, मगर रानी ने कुछ देर देखने के पश्चात् एक घोड़े का दाम एक हज़ार रुपये और दूसरे घोड़े का दाम मात्र पचास रुपये लगाया। व्यापारी ने आश्चर्यचकित होकर रानी से पूछा “रानी जी, दोनों घोड़ों की शक्ल, रंग, कद-काठी में कोई फर्क नहीं है, फिर भी आपने दाम में इतना फर्क क्यों कर दिया?” रानी ने कहा, “जिस घोड़े का दाम मैंने एक हज़ार रुपये लगाया है, वह उत्तम कोटी का स्वस्थ घोड़ा है, और जिस घोड़े का दाम मैंने पचास रुपये लगाया है, वह किसी रोग का शिकार है और उसकी उम्र भी कम है।” रानी की सूझ-बूझ और बुद्धिमानी को देखकर व्यापारी बहुत प्रभावित हुआ।

1-रानी लक्ष्मीबाई को घुडसवारी के साथ-साथ किस की अच्छी परख थी?
(क)-घोड़ों (ख) पक्षियों (ग) बकरियों (घ) भालूओं
2-झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के दरबार में कौन आया ?
(क)-वैद्य (ख) सन्यासी (ग) व्यापारी (घ) शस्त्र
3-व्यापारी क्या लेकर दरबार में आया ?
(क) कार (ख) दो घोड़े (ग) संदूक (घ) शस्त्र
4. रानी ने दूसरे घोड़े का दाम लगाया-
(क) पच्चीस रुपये (ख) पचास रुपये (श) सौ रुपये (घ) एक हज़ार रुपये

प्रश्न-2-नीचे लिखे बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(1×8)=8

1-मछरी शब्द का प्रचलित हिंदी रूप लिखिए-

(क) मच्छर (ख) मछली (ग) मगरमच्छ (घ) मगरी

2-बादर शब्द का प्रचलित हिंदी रूप लिखिए-

(क) बंदर (ख) भालू (ग) बादल (घ) बारिश

3-उचित वाक्यांश चुनकर वाक्यों के खाली स्थान भरिए-

मेंढक पानी में .... कूद गया।

(क) छप से (ख) टप से (ग) फुर्र से (घ) सन् से

4-उचित वाक्यांश चुनकर वाक्यों के खाली स्थान भरिए-(1×3)=3

नल बंद होने के बाद पानी की एक बूंद .... चू गई।

(क) छप से (ख) टप से (ग) फुर्र से (घ) सन् से

5-उचित वाक्यांश चुनकर वाक्यों के खाली स्थान भरिए-(1×3)=3

शोर होते ही चिड़िया .... उड़ी।

(क) छप से (ख) टप से (ग) फुर्र से, (घ) सन् से

6-इनमें से किसे फास्ट फूड के नाम से जाना जाता है।

(क) तंदूरी रोटी (ख) दाल (ग) रोटी (घ) बर्गर

7- नीलाभ शब्द का संधि विच्छेद होगा ।

(क) नाल +भ (ख) नील +भ (ग) नील +आभ (घ) नाल +भी

8-नवांगतुक शब्द का संधि विच्छेद होगा।

क) नव +आगंतुक (ख) निव +आगंतुक

(ग) नव +गंतुक (घ) नविन +आगंतुक

प्रश्न 3 पठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×5)=5

उँगलियाँ वैसी ही टेढ़ी-मेढ़ी रहीं, परंतु वह दूंठ जैसे पंजों पर डगमगाती हुई चलने लगी। तब उसे जालीघर में पहुँचाया गया और नाम रखा गया-कुब्जा। नाम के अनुरूप वह स्वभाव से भी कुब्जा ही प्रमाणित हुई। अब तक नीलकंठ और राधा साथ रहते थे। अब कुब्जा उन्हें साथ देखते ही मारने दौड़ती। चोंच से मार-मारकर उसने राधा की कलगी नोच डाली, पंख नोच डाले। कठिनाई यह थी कि नीलकंठ उससे दूर भागता था और वह उसके साथ रहना चाहती थी। न किसी जीव-जंतु से उसकी मित्रता थी, न वह किसी को नीलकंठ के समीप आने देना चाहती थी। उस बीच राधा ने दो अंडे दिए, जिनको वह पंखों में छिपाए बैठी रहती थी। पता चलते ही कुब्जा ने चोंच मार-मारकर राधा को ढकेल दिया और फिर अंडे-फोड़कर दूंठ जैसे पैरों से सब ओर छितरा दिए।

1-किसकी उँगलियाँ टेढ़ी-मेढ़ी थी?
2-कुब्जा कौन थी? उसका स्वभाव कैसा था?
3-कुब्जा ने नीलकंठ का स्नेह पाने के लिए क्या प्रयास किया?
4-राधा को नीलकंठ से दूर करने के लिए कुब्जा ने क्या किया?
5- 'समीप' शब्द का अर्थ लिखिए।

प्रश्न-4 पठित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×4)=4

मैं घमण्डों में भरा ऐंठा हुआ ।
एक दिन जब था मुण्डेरे पर खड़ा ।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ ।
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा ।1।
मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा ।
लाल होकर आँख भी दुखने लगी ।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे ।

ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी ।2।
जब किसी ढब से निकल तिनका गया ।
तब 'समझ' ने यों मुझे ताने दिए ।
ऐंठता तू किसलिए इतना रहा ।
एक तिनका है बहुत तेरे लिए ।3।

1-तिनका कहाँ से उड़कर आया था?
2-तिनका कहाँ आ गिरा?
3-आँख में तिनका जाने पर क्या हुआ?
4- इस कविता के रचयिता कौन हैं?
प्रश्न-5 दिए गए कोई चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(4×2)=8
1-खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है?
2-आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई ?
3-.घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास लोगों ने क्या किया?
4.-खानपान में बदलाव के कौन से फ़ायदे हैं? फिर लेखक इस बदलाव को लेकर चिंतित क्यों है?
5-मोर-मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए?
प्रश्न 6 नीचे दिए गए कोई तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(2×3)=6
1 विराट के दरबार में भीम को कौन-सा काम सौंपा गया था?
2 कीचक कौन था ? **उसका वध किसने किया था ?**
3-राजकुमार उत्तर को अर्जुन से कंक के बारे में क्या मालूम हो चुका था ?
4-कौरवों की सेना के नायक कौन थे ?
5-पांडुओं ने किस वेश में राजा विराट के यहां शरण ली ?
प्रश्न-7 अपनी दिनचर्या का वर्णन करते हुए पिताजी को एक पत्र लिखिए (5)